GREENLAWNS HIGH SCHOOL
FINAL EXAMINATION YEAR 2022- 2023

SUBJECT : HINDI — **CLASS : VI**
DATE : 13 /01/2023 — **MARKS : 80**

सूचना :- प्रश्न 1 से 4 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Answersheet पर लिखिए और **प्रश्न** 5 से 10 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Question Paper पर ही लिखिए।

प्रश्न 1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । [10]

i) मेरी प्रिय सब्ज़ी ii) मेरी जननी iii) जल (पानी) का महत्त्व
iv) हमारा वार्षिकोत्सव (ANNUAL DAY)

प्रश्न 2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए । [7]

i) अपने क्षेत्र में जल संकट से उत्पन्न होने वाली कठिनाईयों का वर्णन करते हुए जलपूर्ति अधिकारी को पत्र लिखिए ।

अथवा

ii) दौड़ (RUNNING) प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई देते हुए मित्र को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

सोहन एक बेरोजगार युवक था। वह कुछ कार्य करना चाहता था । इसलिए उसने महल के द्वार पर खड़े होकर राजा से नौकरी माँगने का निर्णय लिया । अगले दिन वह महल के द्वार पर खड़े होकर राजा का इंतजार करने लगा ।

समय व्यतीत करने के लिए वह महल के अंदर आने जाने वाले व्यक्तियों की गिनती करने लगा। पूरे दिन उसने अन्दर जाने वाले दस अजनबी व्यक्तियों की गिनती की। लेकिन शाम तक उनमें से सिर्फ नौ ही व्यक्ति बाहर आए थे।

शाम को जब राजा महल से बाहर आए तो सोहन ने उनसे नौकरी की बात की, लेकिन दुर्भाग्यवश राजा ने उसे मना कर दिया। तब सोहन ने राजा से कहा, "महाराज, महल के अंदर जाने वाले दस अजनबियों में से सिर्फ नौ ही अजनबी बाहर आए हैं। एक व्यक्ति अब भी अंदर ही है।" यह सुनकर राजा ने उसी वक्त अपने सैनिकों को उस दसवें व्यक्ति को ढूँढने का आदेश दिया।

वह व्यक्ति राजा के ही कमरे में छुपा हुआ था। सैनिकों ने उसे पकड़ लिया। वह व्यक्ति दुश्मन देश का जासूस था, जो राजा को मारने आया था। यह देखकर राजा सोहन से बहुत खुश हुआ और उसने उसे अपना अंगरक्षक बना लिया।

प्रश्न –

i) सोहन कैसा युवक था ? [1]

ii) सोहन ने क्या निर्णय लिया ? [1]

iii) समय व्यतीत करने के लिए सोहन ने क्या किया ? [1]

iv) राजा ने अपने सैनिकों को क्या आदेश दिया ? [1]

v) सोहन ने राजा को क्या बताया ? [2]

vi) छुपा हुआ व्यक्ति कौन था ? वह यहाँ क्यों आया था ? [2]

vii) कहानी के अंत (END) में क्या हुआ ? [2]

प्रश्न 4 (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (वटवृक्ष)

i) " आज मेरे सिर से बहुत बड़ा बोझ उतर गया । " ज्योतिषी ने ऐसा क्यों कहा ? [3]

ii) बिस्मिल जी को यह विश्वास क्यों था कि उनकी मृत्यु का दुखद समाचार सुनकर भी उनकी माँ धैर्य धारण करेंगी ? [3]

iii) प्रैस्कोविया के पिता की रिहाई कैसे हुई ? उसके पिता को क्या दुख था। [3]

iv) " मैं सबसे छोटी होऊँ " कविता में बिटिया छोटी बनकर क्या करना चाहती है ? [3]

v) ज्योतिष – विद्या की जानकारी न होने पर भी ज्योतिषी अपना धंधा कैसे चलाता था ? [3]

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (रंगमंच)

i) सुदास माली ने पुष्प बेचने से मना क्यों किया ? [2]

ii) फूल किस काल में खिला था ? नवयुवक पुष्प को क्यों खरीदना चाहता था ? [2]

सूचना :- प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए ।

नाम : ________________ **कक्षा :** ____________ **अनुक्रमांक :**__________

प्रश्न 5 निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए । [4]

तेरा अंचल ____________________

____

____

____

___________________है मात ।

प्रश्न 6 एक - एक वाक्य में उत्तर लिखिए । [5]

i) प्रैस्कोविया किसकी दुकान पर आयी थी ?

____

ii) ‘ मेरी जननी ’ लेख के लेखक कौन है ?

____

iii) ज्योतिषी किस कला में कुशल था ?

____

iv) कमल का फूल कहाँ खिला था ?

____

v) ज्योतिषी ने ग्राहक के लिए कौन – सी दिशा खतरनाक बताई ?

____

प्रश्न 7 शब्दार्थ लिखिए । [4]

i) कारगर - ________________ ii) मुहैया - ________________

iii) बेढाल - ________________ iv) ठौर - ________________

v) सांत्वना - ________________ vi) नितांत - ________________

vii) विचलित - ________________ viii) तीव्र - ________________

प्रश्न 8 किसने – किससे कहा लिखिए । [3]

i) “ हाँ , मुसीबत ही है , किंतु मुझ पर नहीं ,मेरे देश पर !”

__________________ ने ____________________ से कहा ।

ii) “ यह सब बकवास नहीं चलेगी ! बताओ मैं अपनी खोज में सफल होऊँगा कि नहीं ” ।

____________________ ने _____________________ से कहा ।

iii) ‘ मैं भी आज एक माशा सुवर्ण की आशा लेकर निकला हूँ ’ ।

____________________ ने ______________________से कहा ।

प्रश्न 9 निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने ‘ सही ’ तथा गलत के सामने ‘ गलत ’ लिखिए । [2]

i) छह महीने बाद प्रैस्कोविया को प्रेट्रोग्राम आने का आज्ञा पत्र मिला । _____

ii) राजा प्रसेनजित ने अंत में सुदास माली से फूल खरीद ही लिया । _______

iii) ज्योतिषी ने पत्नी को साढ़े चार रुपये दिए । _______

iv) लड़की अपनी खूबसूरत लटों के लिए मोल – तोल करने लगी । _______

प्रश्न 10 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए ।

1) **निम्नलिखित** शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । [3]

i) इंद्र - _______________ _______________

ii) भ्रमर - _______________ _______________

iii) राजा - _______________ _______________

2) **निम्नलिखित** शब्दों के <u>विलोम शब्द</u> लिखिए। [3]

i) जड़ - ______________ ii) सुलभ - _______________

iii) जय - ______________ iv) प्रेम - _______________

v) आगमन - _____________ vi) दिन - _______________

3) **निम्नलिखित** <u>अनेक शब्दों के लिए एक शब्द</u> का प्रयोग कीजिए। [3]

i) जिसका आचरण अच्छा हो - ____________________________

ii) जो बुद्धि से संबंधित हो - ____________________________

iii) जो आँखों के सामने हो - ____________________________

4) निम्नलिखित शब्दों से <u>विशेषण शब्द</u> बनाइए। [2]

i) ज्ञान - ______________ ii) रंग - _______________

iii) ऊपर - ______________ iv) ठंड - _______________

5) **निम्नलिखित** वाक्यों में से कारक पहचानकर उनके भेद लिखिए। [2]

i) राधिक ने नृत्य किया।

ii) ‘ चैन्नई एक्सप्रेस ’ मुंबई से चैन्नई जाती है।

6) **निम्नलिखित** मुहावरों के अर्थ लिखिए । [3]

i) इशारे पर चलना - ________________________________

ii) कमर कसना - ________________________________

iii) पेट में दाढ़ी होना - ________________________________